तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 दिसम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 अब रियासतकालीन कुओं का बदलेगा स्वरुप



## खबर संक्षेप

### सरपंचों का अनिश्चितकालीन आंदोलन आज से

**बिहारपुर।** दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर के लगभग डेढ़ दर्जन गांवों के लोग अभी भी ढिबरी के भरोसे जीवन यापन कर रहे हैं। चुनाव के दौरान विभाग हर बार ग्रामीणों को विद्युत विस्तार का सपना दिखाता है तथा विद्युत विहीन ग्रामों का सर्वे करता है। स्थिति में कोई बदलाव नहीं होने पर सरपंच संघ के अध्यक्ष गजमोहन सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विद्युत विस्तार की मांग लेकर 15 दिसम्बर से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इस बड़ी विषमता के विरूद्ध पहली बार क्षेत्र के सरपंच एवं पंचों ने आरपार की लड़ाई लड़ने एवं सोमवार से तहसील कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया है। आंदोलन से क्षेत्रवासियों को जोड़ने लगातार मुनादी कराई जा रही है दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक मंच पर सभी से खड़े होने का अह्वान किया जा रहा है। सरपंच संघ के अध्यक्ष एवं करौटी ए के सरपंच गजमोचन सिंह ने बताया कि विभाग 6 बार राजस्व ग्रामों का सर्वे करा चुका है। अब इन गांवों में विद्युत विस्तार शुरू होने तक अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

### जिला साहू संघ के पदाधिकारियों का चुनाव 22 को

**अम्बिकापुर।** जिला साहू संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव सहित विभिन्न पदो के निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्याशियों के नामांकन की तिथि 18 दिसम्बर निर्धारित की गई है। इसी दिन नामांकन पत्रों की जांच, नाम का प्रकाशन एवं नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी तथा 22 दिसम्बर को मतदान किया जाएगा। मतगणना उपरांत इसी दिन परिणाम घोषित किया जाएगा।

### जेई के साथ दुर्व्यवहार कर जान से मारने की धमकी, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** विद्युत विभाग का बकाया बिल राशि वसूली के लिए निकले विभाग के जेई और उनके साथ विभागीय कर्मियों के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने मामले में जयनगर पुलिस ने सीएसईबी के सिलफिली क्षेत्र के कनिष्ठ यंत्री अजय कुमार के रिपोर्ट पर आरोपी श्रीकांत तिवारी पिता कोमल तिवारी निवासी सिलफिली के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2)के तहत अपराध दर्ज किया है। बताया गया कि गत दिवस कनिष्ठ यंत्री अपने विभागीय कर्मियों को साथ लेकर सिलफिली क्षेत्र सहित आसपास के उपभोक्ताओं की बकाया राशि वसूली के लिए निकले थे। इस दौरान विद्युत कर्मियों ने पाया कि श्रीकांत तिवारी जिनके यहां पिछले 12 नवम्बर को सहायक अभियंता के निर्देश पर बकाया राशि करीब चालीस हजार रुपये हो जाने और उपभोक्ता द्वारा विद्युत बिल की राशि जमा नहीं करने पर उनका कनेक्शन विच्छेद करा दिया था। निरीक्षण के दौरान उनके यहां बिजली चोरी कर जलाते पाए जाने पर विद्युत कर्मी उनके यहां पूछताछ के लिए पहुंचे तो श्रीकांत तिवारी भड़कते हुए विद्युत कर्मियों को गाली गलौज कर जान से मार देने के लिए धमकाया और अभद्रता की। घटना के बाद प्रार्थी जेई की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया गया है।

### युवती ने अज्ञात कारण से पेड़ में लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर क्षेत्र के ग्राम जामडीह देवगढ़ निवासी निशा आ. बाल मुकुंद (19 वर्ष) आज सुबह लगभग 8 बजे ग्राम खलिबा जंगल के समीप एक पेड़ में फांसी लगा ली जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतिका की पहचान उसके पास रखे बैग में मिले आधार कार्ड से हुआ वहीं पुलिस को बैग से एक युवक का फोटो भी मिला। मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया जा रहा है कि शादी के बाद युवती भागकर शहर आ गई और शहर में ही रह कर एक होटल में काम करती थी। पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।

# भुइयां पोर्टल से राजस्व रिकॉर्ड में हेरफेर कर थी समितियों में अवैध धान खपाने की योजना

**पुलिस ने कूटरचना करने वाले पटवारी और षड्यंत्रकारी को किया गिरफ्तार, 29 हेक्टेयर भूमि पर नाम दर्ज करने की पुष्टि**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

भुईयां पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में हेरफेर करने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। आरोपी ने पटवारी के साथ मिलकर समितियों में अवैध धान खपाने के उद्देश्य से एक ऑनलाइन राजस्व रिकॉर्ड में अपने व परिवार के सदस्यों के नाम फर्जी तरीके से चढा लिए। राज उस वक्त खुला जब गांव के सरपंच ने खरीदी केंद्र में पहुंचकर दस्तावेजों की जांच की। अब इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद पटवारी और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मामले की जांच चल रही है।

बता दें कि क्षेत्र के पस्ता थाना के डवरा चौकी अंतर्गत आने वाले कोदौरा में एक ही परिवार के सदस्यों के नाम पर लगभग 70 एकड़ शासकीय और निजी भूमि अवैधत तरीके से दर्ज किए जाने का मामला सामने आया था। कोदौरा सरपंच ने उपार्जन केंद्र में जब रजिस्टर की जांच की तो वीरेंद्र गुप्ता और उसके परिवार के नाम पर एक साथ ग्राम पंचायत कोदौरा, कोटडीह, भेण्डरी, परसवार खुर्द, करगडीहा और पकराडी में लगभग 70 एकड़ शासकीय और किसानों के नाम की भूमि दर्ज थी। ऐसे में उन्होंने मामले की जानकारी अन्य सरपंचों को दी जिसके बाद पटवारी को बुलाकर पूछताछ की गई। इसके साथ ही इस मामले की शिकायत तहसीलदार से की गई थी जिसके बाद जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि मैनुअल रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार का संशोधन आदेश मौजूद नहीं है इसके बावजूद ऑनलाइन कैफियत कॉलम में पटवारी आईडी से संबंधित वीरेंद्र गुप्ता और उसके परिवार के लोगों के नाम जोड़े गए थे। इस मामले में जांच के बाद एसडीएम ने पटवारी अजेंद्र टोप्पो को निलंबित किया गया था।

### धान बेचने की हेरफेर

इधर पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि एक बार लॉग इन होने के बाद भुइयां पोर्टल 8 घंटे तक एक्टिव रह सकता है। इसी दौरान आरोपी पटवारी अजेंद्र टोप्पो और वीरेंद्र गुप्ता ने मिलकर अलग अलग 3 गांव में 3 किसानों व शेष शासकीय मद की 29.008 हेक्टेयर भूमि को वीरेंद्र गुप्ता और परिवार के सदस्यों के नाम पर ऑनलाइन दर्ज कर दिया जबकि मैनुअल रिकॉर्ड यथा स्थिति में है। आरोपियों द्वारा दूसरे राज्यों व दूसरों के धान को अवैध रूप से बेचने की योजना बनाकर अपने नाम पर भूमि दर्ज की गई थी। इस तरह वे धान खरीदी के दौरान लाखों रुपए की कमाई अवैध रूप से कर सकते थे। 29.008 हेक्टेयर शासकीय भूमि एवं निजी भूमि के रिकॉर्ड में षड्यंत्र पूर्वक कूटरचना करने के मामले में डवरा चौकी प्रभारी एसआई विजय दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने जांच उपरान्त बीएनएस की धारा 318, 319, 336, 338, 340 व 61 के तहत आरोपी कोटडीह निवासी 28 वर्षीय वीरेंद्र गुप्ता आ. विजय गुप्ता और पटवारी जमुनिया निवासी 46 वर्षीय अजेंद्र टोप्पो आ. जगसाय टोप्पो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



### 18 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन, पर्यावरण प्रदूषण

# तीन मौतों के बाद मजदूरों ने औद्योगिक क्षेत्र में किया प्रदर्शन व चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**

- मजदूरी सहित अन्य समस्याओं से कराया अवगत

नयनपुर औद्योगिक क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिरने से दबकर तीन मजदूरों की मौत का मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। इस घटना के बाद मजदूरों ने अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर चक्का जाम और धरना प्रदर्शन किया। इधर भटगांव में मृतक के परिजन ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश व आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ जबकि मृतक के परिजन भी अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

बता दें कि 13 दिसंबर को नयनपुर स्थित औद्योगिक परिसर स्थित मित्तल कोल्ड स्टोरेज व राइस मिल की दीवार गिरने से मौके पर काम कर रहे तीन मजदूरों डेडरी निवासी 40 वर्षीय भोल साय आ. स्व. हरिलाल, भटगांव चुनगड़ी निवासी 27 वर्षीय माने राजवाड़े आ. मुन्ना राजवाड़े, बेलटिकरी निवासी 35 वर्षीय वेद सिंह आ. शिव बालक सिंह की मौत हो गई जबकि विश्रामपुर रामनगर निवासी 27 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह आ. बाल गोविन्द सिंह घायल हुए है। इस घटना के बाद मजदूरों का आक्रोश भड़क उठा। रविवार को बड़ी स्नाख्या में मजदूरों ने औद्योगिक क्षेत्र में चक्का जाम व धरना प्रदर्शन शुरू आकर दिया। मजदूरों के इस आंदोलन को पूर्व जिपं सदस्य पंकज तिवारी का भी समर्थन मिला। मजदूरों ने धरना प्रदर्शन के साथ ही जमकर नारेबाजी की। पूर्व जिपं सदस्य पंकज तिवारी ने यदि जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रशासन पूरा नहीं कर पाती है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। आने वाले दिनों में समस्याओं को लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी उद्योग की जांच नियमित रूप से होनी चाहिए और खामियों को दूर करने के प्रयास होने चाहिए। नयनपुर औद्योगिक क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त बनाया जाए जहां प्रदूषण के कारण वहां के स्थानीय लोग ना खेती कर पाते हैं ना साग सब्जी लगा पाते हैं, वहीं सड़क पर उड़ते धूल के कारण स्थानीय बच्चों को भी सांस जैसी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। श्री तिवारी ने मजदूरों की ओर से मांग रखते हुए बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में कई ऐसे उद्योग संचालित हैं जहां जहां मजदूरों का जान जोखिम में रहता है ऐसे में उद्योग क्षेत्र में 10 बिस्तरीय चिकित्सालय का निर्माण किया जाना चाहिए, सभी मजदूरों का पंजीयन किया जाना अनिवार्य है जिससे बड़ी दुर्घटनाओं में उन्हें बीमा का लाभ मिल सके। पिछले कई वर्षों में ऐसे मजदूर जो दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं ना औद्योगिक मालिक और ना ही प्रशासन ने आज तक उनकी सुध ली वह दिव्यांग बनकर अपना जीवन गुजार रहे हैं। उद्योग से गंदे पानी को सीधे नदी में प्रवाहित किया जा रहा है जिससे मवेशियों के सामने पेयजल की संकट आन पड़ी है वहीं उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ भी बेतरतीब तरीके से खाली जमीन पर फेंक दिया जा रहा है जिससे छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और भूमि बंजर होती जा रही है। मजदूरों ने मांग पूर्ण नहीं होने पर एक माह बाद फिर से आंदोलन की चेतावनी दी है।



चक्काजाम कर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

### समझाइश के बाद हुआ अंतिम संस्कार

इधर बताया जा रहा है कि हादसे में मृत भटगांव चुनगड़ी निवासी 27 वर्षीय माने राजवाड़े आ. मुन्ना राजवाड़े के परिजन ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया था। परिजन नौकरी और मुआवजा की मांग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने समझाइश देने के साथ ही शासन के नियमानुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन ने मृतक युवक का अंतिम संस्कार किया।

### शासन को कराया जाएगा अवगत

ग्रामीणों ने प्रदर्शन के बाद 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। सभी बिंदुओं पर मजदूरों व ग्रामीणों से चर्चा हुई है। स्थानीय स्तर पर हल होने वाली समस्याओं के लिए प्रयास किए जाएंगे जबकि शेष को शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा।

-शिवानी जायसवाल, एसडीएम

# देह व्यापार के मामले में एक महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पूर्व में पकड़ी गई महिला का पति भी कारोबार में लिप्त, महिला लाती थी ग्राहक





देह व्यापार के मामले में पुलिस ने एक बार फिर से बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इस कारोबार में लिप्त एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि पूर्व में एक महिला को पकड़ा गया था। इसके साथ पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है।

बता दें कि 10 नवंबर को पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि आकाशवाणी चौक के समीप एक मकान अनैतिक देह व्यापार हो रहा है, जिसमें युवक व युवतियों से अवैध रूप से वेश्यावृत्ति कराई जा रही है। इस सूचना के बाद सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उक्त घर में छापा मारने के साथ ही देह व्यापार में लिप्त एक महिला को पकड़ा गया था जबकि बाहर से बुलाई गई चार युवतियां बरामद की गई थी। पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक सामग्रियां भी बरामद की थी। पुलिस ने इस मामले में महिला को धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके साथ ही इस मामले की जांच चल रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि गिरफ्तार की गई महिला का पति सुनील कुमार भी इस अवैध कारोबार में शामिल है। एक अन्य महिला है जो ग्राहक ढूंढने का काम करती है जबकि उसका साथी हेमंत दास देह व्यापार के लिए लड़कियों को ग्राहक तक लाने-लेजाने का काम करता है। ऐसे में पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधर पर 13 दिसम्बर को मायापुर निवासी 40 वर्षीय सुनील कुमार आ. कमला साव, दरिमा तेलसखरिया निवासी 33 वर्षीय हेमंत दास आ. स्व. राजेश दास व एक अन्य महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि मामले की विवेचना चल रही है।



# मसीही समाज ने क्रिसमस से पहले शहर में निकाली भव्य रैली

**अंबिकापुर।** रविवार को मसीही समाज द्वारा शहर में भव्य रैली व शोभा यात्रा निकाली गई। क्रिसमस के पूर्व ऑल चर्चेस के तत्वाधान में युवाओं ने यह रैली निकाली। रैली नगर भ्रमण उपरान्त सेंट जेवियर्स परिसर में समाप्त हुई जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान रैली का जगह जगह स्वागत किया गया। बता दें कि 25 दिसम्बर क्रिसमस को लेकर मसीही समाज जश्न में डूबा है और क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर है। इसके पूर्व ऑल चर्चेस के तत्वाधान में युवाओं ने रविवार को शहर में भव्य रैली और शोभा यात्रा निकाली। गाजे बाजे के साथ रैली नवापारा चर्च ग्राउंड से शुरू हुई जो जोड़ा पीपल, घड़ी चौक होते हुए वापस सेंट जेवियर्स परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान शोभा यात्रा में फादर जैसवाल कुजूर, फादर लेओर व अन्य पास्टर भी शामिल हुए। रैली के दौरान युवा डीजे की धुन पर नाचते गाते नजर आए। घड़ी चौक पर रैली का स्वागत किया गया और जमकर आतिशबाजी की गई। इसके साथ ही रैली उपरान्त सेंट जेवियर्स परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बिशप अंतोनिस बड़ा, फादर विलियम उर्रे, व्हिकर जनरल फादर विलियम उर्रे, फादर अनुरंजन सहित शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।

# ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- घटना के बाद चालक वाहन लेकर हुआ फरार

भटगांव क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर सकरी पुलिया के समीप ट्रेलर चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने घटना कारित वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

सूरजपुर जिले से हिट एंड रन का मामला सामने आया है, जहां अज्ञात ट्रेलर वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार फरार हो गया है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार भटगांव की तरफ से विश्रामपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार दोपहर लगभग 12 बजे लक्ष्मीपुर स्थित सकरी पुलिया के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक से ग्राम कमलापुर अरसोता निवासी विक्की राजवाड़े आ.खुलेश्वर राजवाड़े ट्रेलर के नीचे आ गया जिससे सिर में चक्का चढ़ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक ग्राम ख्ररां ओड़गी निवासी शिवमंगल राजवाड़े आ. कन्हैया राजवाड़े गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। इधर घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची भटगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर फरार वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है। वहीं इस हादसे के बाद से पूरे क्षेत्र में मातम पसर गया है और ग्रामीणों में आक्रोश है।



### इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय सम्मेलन आज से

**अम्बिकापुर।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सम्मेलन इन्नोवेटिव टेक्निक्स इन इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड साइंस ए प्रैक्टिकल एप्रोच का आयोजन सेमिनार कक्ष में सुबह ग्यारह बजे से किया जायेगा। आईआईटी रूढ़की की प्रो.एन के समाधिया, प्रो.एसके श्रीवास्तव, आईजी दीपक कुमार, प्राचार्य राजेश श्रीवास्तव एवं डॉ.पी कविश्वर के आतिथ्य एवं कुलपति प्रो.अरूण अरोरा की अध्यक्षता में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ सोमवार को किया जाएगा। प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन का विषय इनोवेटिव टेक्निक्स इन इंजीनियरिंग, टेक्नालॉजी एण्ड साइंस ए प्रैक्टिकल एप्रोच है। सम्मेलन में 70 शोधपत्रों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही अपने विशेष साझा करेंगे। सम्मेलन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित है।

### जन्म के बाद बच्चे ने तोड़ा दम, ब्लीडिंग से महिला की गई जान

# एक बार फिर प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में जच्चा बच्चा की मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले एक सप्ताह के भीतर नवजात और प्रसूता की मौत का यह दूसरा मामला सामने आया है जहां सामान्य प्रसव के बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया जबकि मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचने से पहले महिला की भी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि पटना के खोडा चिटकीपारा निवासी 26 वर्षीया सविता पति संतोष कुमार 9 माह की गर्भवती थी। संतोष कुमार ने बताया कि 13 दिसम्बर को महिला को प्रसव पीड़ा होने पर बैकुंठपुर शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां अचानक ही उसका बीपी हाई होने के कारण चिकित्सकों ने उसे रिफर कर दिया था। रिफर किए जाने के बाद परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे जहां महिला की नॉर्मल डिलीवरी कराई गई। इस दौरान प्रसव के कुछ समय बात नवजात बच्चे की मौत हो गई जबकि महिला को भी अत्यधिक ब्लीडिंग शुरू हो गई। ब्लीडिंग के कारण महिला की स्थिति गंभीर होने पर उसे रिफर कर दिया गया जिसके बाद परिजन महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बता दें कि इस तरह से जच्चा बच्चा की मौत का सप्ताह के भीतर ही यह दूसरा मामला है जबकि एक दिन पूर्व ही रक्त स्त्राव से भी प्रसूता की घटना हुई थी। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लाश परिजन के सुपुर्द कर दिया है।



### अस्पताल में हो गया नाबालिग का गर्भपात

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक नाबालिग के गर्भपात का मामला सामने आया है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 वर्षीया किशोरी को 8 साल पहले सरभंजा निवासी एक युवक अपने साथ रखने के नाम पर ले गया था। किशोरी युवक के घर ही पत्नी के रूप में रह रहती थी। इस दौरान वह 8 माह की गर्भवती गई जिसके बाद युवक नाबालिग को उसके घर ले गया। बता जा रहा है नाबालिग को अचानक ही मिर्गी का दौरा पड़ा जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उसके गर्भवती होने की बात छिपाई गई। नाबालिग की स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया था जहां उपचार के दौरान बिस्तर पर ही अचानक उसका गर्भपात हो गया। इस मामले में नाबालिग के परिजन की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है वहीं पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

खबर संक्षेप

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में समिति की बैठक

**अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि यह समिति जिले के विकास को नया आयाम देगी। समिति जिले के विकास के लिए दीर्घकालीन योजना तैयार करने के साथ समस्याओं को हल करने पर भी विचार मंथन करेगी। समिति के सदस्य सही तथ्यों के साथ अपनी बात रखें। बैठक में जिले के विकास से जुड़ी समस्याएं बताने के साथ-साथ उसे हल करने का सुझाव भी दें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज सरकार के दो वर्ष पूरे हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। इन दो वर्षों में अनूपपुर जिले और प्रदेश को विकास की कई सौगातें मिली हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री बधाई देते हैं।

## जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी मेला संपन्न



**बैकुण्ठपुर।** पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि एवं छग गौ सेवा आयोग के जिला समिति कोरिया के अध्यक्ष रेवा यादव रहे। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, विधायक के निज सहायक दिनेश राजवाड़े, ग्राम कसरा के सरपंच, भाजपा नेता उत्तम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेले में पशु विभाग की उपसंचालक श्रीमती विभा सिंह सहित विभागीय अधिकारी, पशु चिकित्सक, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में गौ पालक मौजूद रहे। इस दौरान उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी लगाई गई तथा पशुपालन से संबंधित जानकारियां दी गईं।

## सम्मान समारोह का आयोजन 17 को



**बैकुण्ठपुर।** छग टीचर्स एसोसिएशन का जिला स्तरीय बैठक सेजेस बैकुंठपुर में आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से संगठन के सदस्यता को पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी गई। 17 दिसंबर को एलबी संवर्ग के व्याख्याता के ई टी संवर्ग प्राचार्य के अभिनंदन समारोह आयोजन का निर्णय लिया गया, साथ ही एलबी संवर्ग से सेवानिवृत्त शिक्षको का भी सम्मान होना है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र तिवारी, प्रांतीय सह संगठन सचिव अशोक लाल कुर्रे, जिला सचिव महेश शिवहरे, जिला पदाधिकारी रविन्द्र सिंह, लाल मोहम्मद अंसारी, बीपी सिंह, सुशील जायसवाल, चेतनारायण कश्यप, राजू मंडल, आश्रित तिर्की, सुजीत गुप्ता, अमोद कुजूर, योगेन्द्र पटेल, दिनेश जायसवाल, जितेन्द्र पैकरा, बीरेन्द्र सिंह आदि उपस्थिति रहे।

## कर्मचारियों के मुद्दों पर हुई चर्चा

**सोनहत।** विकासखंड के आनंदपुर नर्सरी में 14 दिसंबर को फेडरेशन कोरिया के तत्वावधान में कर्मचारी मिलन एवं संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर तीन दिवसीय कलमबंद आंदोलन चलाने की रणनीति भी तय की गई। संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं उप प्रांताध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, कर्मचारी-अधिकारी विश्वास भगत, जिला अध्यक्ष केसरी पैकरा, संयोजक आरएस चंदे, पेंशनर संघ के शंकर सुमन मिश्रा, प्रेमचंद्र गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष अजय पांडे, तहसील फेडरेशन के लेश मारिक सहित ब्लॉक व जिला स्तर के काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### नपा ने शुरु कराया निर्माण कार्य, हरिभूमि ने चलाई थी मुहिम

# अब रियासतकालीन कुओं का बदलेगा स्वरुप



### प्लास्टिक कचरे से भर गया था कुआं

वर्तमान में रामानुज विद्यालय के पास स्थित कुएं का मरमम्त कार्य किया जा रहा है, तब कुएं में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा भरा मिला। इसमें काफी संख्या में पानी के बोतल निकाले गए, इसके अलावा उक्त कुएं में उग आए पौधों की जडे भी गहरी हो गई थी।

### कभी कई घरों की बुझाता था प्यास

जानकारी के अनुसार शहर के रामानुज विद्यालय परिसर में स्थित प्राचीन कुआं भले ही आज जीर्ण-शीर्ण हालत में पहुंच गया हो और इसकी ओर कोई झांकने भी नहीं आता, लेकिन एक दौर ऐसा भी था, जब उक्त कुआं कई घरों की प्यास बुझाता था। स्थानीय बुजुर्गों के अनसुार रामानुज विद्यालय का उक्त कुआं से स्कूलपारा के डब्बा क्वार्टर में रहने वाले लोगों के अन्य आस पास कई घरों के लिए पेयजल का मुख्य स्त्रोत था।

**बैकुण्ठपुर।** शहर के शासकीय आदर्श रामानुज विद्यालय परिसर में स्थित रियासतकालीन जीर्ण-जीर्ण हो चुके कुएं का मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। यह कार्य निश्चित रूप से इतिहास और विरासत को संजोने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल विद्यालय के ऐतिहासिक पहचान को बहाल करेंगी, बल्कि भावी पीढ़ियों को भी अतीत से जोड़ेगी। उल्लेखनीय है कि शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी विद्यालय परिसर में स्थित रियासतकालीन कुआंके देख-रेख के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो गया था। कुएं के अस्तित्व को बचाने को लेकर पूर्व में हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था और अब जाकर नगर प्रशासन ने प्राचीन कुएं के अस्तित्व बचाने की दिशा में कार्य करना शुरू कर दिया है। उक्त विद्यालय परिसर स्थित कुआं न केवल एक जल स्त्रोत है, बल्कि इतिहास का जीवंत दस्तावेज है, जिसका मरम्मत कार्य चालू हो गया और जल्द ही प्राचीन धरोहर अपने पुराने स्वरूप से बदलकर नए रूप में अपनी शोभा बढ़ाएगा। उल्लेखनीय है अब कुओं के अस्तित्व मिटते जा रहे हैं, ऐसे में नपा प्रशासन द्वारा प्राचीन कुएं का जीर्णोद्धार कर कुओ के मिटते अस्तित्व को बचाने की दिशा में सराहनीय कदम है। जानकारी के अनुसार शासकीय आदर्श रामानुज विद्यालय परिसर में स्थित कुआं को कोरिया रियासत के राजा रामानुज प्रताप सिंहदेव द्वारा विद्यालय निर्माण के साथ ही कराया था। इस तरह कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के उक्त विद्यालय परिसर में स्थित कुआं का इतिहास रियासतकाल से जुड़ा है। उक्त धरोहर को संवारने की दिशा में नपा की पहल इतिहास के अस्तित्व को बचाने की दिशा में सराहनीय पहल है।



शुरू हुआ मरम्मत का कार्य।

**मरम्मत में लाखों होंगे खर्चः** रामानुज विद्यालय परिसर में स्थित रियासतकालीन प्राचीन कुआं के मरम्मत कर उसे नया लुक प्रदान किया जाएगा, इसके मरम्मत के लिए लाखों रुपए खर्च किए जाएंगे। कुएं के मरम्मत कार्य में मार्बल का उपयोग कर प्राचीन कुएं को आकर्षक स्वरूप प्रदान कया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राचीन कुएं के मरम्मत के लिए 5 लाख रूपए का टेंडर हुआ है।

**सुरक्षित तरीके से होंगे संरक्षितः** शासकीय आदर्श रामानुज उमावि परिसर में स्थित प्राचीन कुआं की ओर बीते कई वर्षो से ध्यान नहीं दिया जा रहा था, इसके चलते प्राचीन कुआं जीर्ण-शीर्ण हालत में पहुंच गया था। इस कारण कुएं का उपयोग नहीं हो रहा था, लेकिन अब मरम्मत कार्य हो जाने के बाद कुएं के जल स्त्रोत का उपयोग हो सकेगा। जानकारी के अनुसार कुएं के उपरी हिस्से को पूरी तरह से सुरक्षित किया जाएगा जिससे कि कोई भी गंदगी कुएं में नहीं कर पाएगा।



घटनास्थल पर लगी भीड़।

# लॉज संचालक से मारपीट, एक गिरफ्तार

**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले के जनकपुर में एक दर्जन से अधिक लोगों ने एक लॉज के अंदर घुसकर लॉज संचालक से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना के दौरान शोरगुल सुनकर जनकपुर के कई लोग पहुंच गए। इस दौरान आरोपीगण भाग निकले, लेकिन इस दौरान भीड़ ने एक आरोपी को पकड़ लिया। मामले की शिकायत पुलिस में की गई, इस पर पुलिस ने आरोपी अरूण मिश्रा व उसके अन्य साथियों के विरूद्ध धारा 333, 296, 351 (3),115 2,3 (5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया। घटना शुक्रवार 12 दिसंबर की शाम 6:45 बजे की है, जब जनकपुर निवासी शिकायतकर्ता अंकुर प्रताप सिंह पिता अरविंद कुमार सिंह अपने लॉज के काउंटर में थे, इसी दौरान आरोपी अरूण मिश्रा तथा उनके अन्य करीब 15 साथी निवासी रीवा मप्र के साथ आए और लॉज के अंदर जबरन घुसने की कोशिश की। इस दौरान लॉज संचालक अंकुर प्रताप सिंह उन्हें मना किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लॉज संचालक से मारपीट करना शुरू कर दिया और लॉज में हंगाम सुनकर अन्य लोग मौके पर काफी संख्या में जुट गए ,तब आरोपीगण वाहन सहित भागने लगे। इस दौरान मुख्य आरोपी अरूण मिश्रा को भीड़ ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार आरोपीगण जनकपुर के वाटिका हॉटल में रूके थे। इस घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में जनकपुर के लोग थाने में पहुंच कर आरोपियों केवरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

■ जनकपुर थाने का मामला

### रेत माफिया से जुड़ा नेटवर्क की खबर

बताया जाता है कि घटना में शामिल मुख्य आरोपी रेत कारोबार से जुड़ा है और जनकपुर क्षेत्र की प्रमुख नदियों से अवैध तरीके से रेत का उत्खनन कर मप्र के रीवा सहित अन्य क्षेत्रों में ले जाया जाता है। संभवतः इसी से जुड़ा मामला हो सकता है, इसके कारण आरोपियों के द्वारा प्रार्थी लॉज संचालक अंकुर प्रताप सिंह से मारपीट किए। फिलहाल जनकपुर पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुट गई है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के थाना केल्हारी क्षेत्र अंतर्गत हुए एक जघन्य हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 दिसंबर को ग्राम बिरौरीडांड निवासी बीना बियार उम्र 40 वर्ष पति बजरंगी बियार थाना केल्हारी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

प्रार्थिया ने बताया कि 11 दिसंबर को वह बड़की सुमित्रा के साथ अपने खाते से 1000 रूपए निकालकर मुर्गा लेकर घर लौटी थी। इसके बाद पति बजरंगी बियार के साथ आग के पास बैठकर तीनों ने शराब एवं मुर्गा का सेवन किया। इसी दौरान उनका पुत्र सतीश बियार अपने पिता से विवाद करने लगा और रूपए खर्च करने को लेकर उलाहना देने लगा। विवाद बढ़ने पर सतीश बियार तथा उसका साला श्याम लाल मौके पर पहुंचे और लकड़ी व जलती हुई लुआठी से बजरंगी बियार के सिर पर गंभीर हमला कर दिया। हमले में बजरंगी बियार की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपियों ने बीच-बचाव करने आई प्रार्थिया बीना बियार के साथ भी मारपीट कर उसे घायल कर दिया और फरार हो गए। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना केल्हारी में अपराध क्रमांक 69/2025 धारा 103, 115 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह एवं एसडीओपी मनेन्द्रगढ़ अलेक्सियुस टोप्पो के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी एवं थाना केल्हारी पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई।

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों की पतासाजी की और मुख्य आरोपी सतीश बियार को 24 घंटे के भीतर ग्राम सिंघोर थाना सोनहत कोरिया से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, थाना प्रभारी केल्हारी उप निरीक्षक टिकेश्वर यादव, हेड कांस्टेबल ललित यादव, विनोद खलखो, आर. मदन राजवाड़े, दीप नारायण तिवारी, सुरेश तिग्गा, मुरारी सिंह, भूपेन्द्र यादव, राकेश तिवारी एवं तेजप्रताप शामिल रहे।

### मनरेगा से स्थायी आजीविका को मिला नया आधार

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में ग्रामीण विकास को नई दिशा देते हुए जिला प्रशासन द्वारा रोजगार के साथ-साथ स्थायी आजीविका सृजन पर विशेष फोकस किया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को न केवल तात्कालिक रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, बल्कि उन्हें दीर्घकालिक आय के साधनों से जोड़ने के ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

### असुरक्षित दौड़ती बाइक...



**बैकुण्ठपुर।** शहर की सड़कों पर बाइक में असुरक्षित तरीके से सामान लोड कर सरपट दौड़ते बाइक चालकों के कारण दुर्घटना होने की आशंका रहती है, इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

# आवारा कुत्तों के टीकाकरण अभियान पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

शिवपुर-चरचा नगर पालिका क्षेत्र में आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन को लेकर चलाया जा रहा विशेष अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। बुधवार से प्रारंभ हुए इस अभियान को नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के निर्देशानुसार तथा नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल के नेतृत्व में व्यापक रूप से संचालित किया जा रहा है।

नगर पालिका की टीम शहर केक विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आवारा कुत्तों का टीकाकरण कर रही है, जिससे कुत्तों के हमले, संभावित दुर्घटनाओं और संक्रमण की आशंकाओं को कम किया जा सके। हालांकि अभियान के बीच चरचा क्षेत्र के बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन के आसपास आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त क्षेत्र में काफी संख्या में आवारा कुत्ते जमा रहते हैं, जहां प्रतिदिन सैकड़ों यात्री, महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे-छोटे बच्चे आवाजाही करते हैं, इसके बावजूद यहां अब तक टीकाकरण नहीं हो सका है। नगर पालिका के कुछ अधिकारी-कर्मचारियों का कहना है कि बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन का यह इलाका ग्राम पंचायत की सीमा में आता है, इसलिए नगर पालिका द्वारा वहां टीकाकरण नहीं किया जा सकता। वहीं स्थानीय नागरिकों का दावा है कि बस स्टैंड का हिस्सा नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 1 में आता है। ऐसे में सीमा को लेकर भ्रम और जिम्मेदारी से बचने के आरोप लग रहे हैं। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इस क्षेत्र में आवारा कुत्तों का टीकाकरण नहीं कराया गया, तो किसी बड़ी दुर्घटना या गंभीर घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सीमा विवाद को दरकिनार कर जनहित में तत्काल कार्रवाई की जाए और बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन परिसर में भी टीकाकरण अभियान चलाया जाए, ताकि आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सके।




# बहरासी में हाथी, रतजगा कर रहे भयभीत ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मनेन्द्रगढ़ वन मंडल अंतर्गत बीते कई दिनों 11 हाथियों का दल पहुंच कर उत्पात मचा रहा है, इससे प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण भय के साए में रतजगा करने को मजबूर है। वन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर को हाथियों का दल बहरासी वन परिक्षेत्र के केसोडा बड़वार के मध्य जंगल में विचरण करते देखे गए।

हाथियों के दल द्वारा इसके पूर्व रात्रि में कोटाडोल क्षेत्र के बरेल, ढाब ग्राम में गेहूं के फसल को नुकसान पहुंचाया, इसके अलावा कई किसानों के खलिहान में रखे गए धान को खाकर नुकसान पहुंचाया। हाथियों के दल ने ग्राम केसोड़ा में दो ग्रामीणों के केले के पौधे को उखाड़कर खा गए। इस क्षेत्र से निकलकर हाथियों का दल वन परिक्षेत्र बहरासी परिसर बड़वार में प्रवेश कर गए। हाथियों का दल 14 दिसंबर को कक्ष क्रमांक पी 1120, 1031,1032 में विचरण करते रहे। वन विभाग का अमला प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है और हाथियों के दल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने एवं किसी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं करने की समझाईस दी जा रही है।



विचरण करते हाथी।

# साइबर अपराधों को लेकर जागरुक रहें लोग



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

साइबर अपराधों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को प्रोत्साहित करने एवं साइबर अपराधों से बचाव व जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला सायबर सेल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन पुलिस महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए आम नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने, सोशल मीडिया के दुरूपयोग एवं डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करें अथवा डब्लूडब्लूडब्लू डॉट साईबर क्राईम डॉट गर्वमेंट डॉट इन पोर्टल पर रिपोर्ट करें। उन्होंने युवाओं, छात्रों एवं वरिष्ठ नागरिकों से विशेष रूप से जागरूक रहने का आग्रह किया। उनके द्वारा बताया गया कि पुलिस कभी भी किसी को डिजिटली गिरफ्तार कभी नहीं करती है, डिजिटल अरेस्ट के बहकावे में न आने व तत्काल पुलिस को सूचित करने बताया गया। साइबर संवाद कार्यक्रम में काफी संख्या में आम नागरिक व महाविद्यालय के छात्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, पुलिस अधीक्षक उप राजेश साहू, साइबर सेल प्रभारी विनोद पासवान, साइबर सेल की पूरी टीम कर्मचारीगण एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। साइबर संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अंत में साइबर सेल द्वारा गुम मोबाइलों को अन्य जिलों एवं राज्यों से प्राप्त कर पुलिस महानिरीक्षक के हाथों से वितरण किया गया।

### आवागमन करने वाले लोगों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

# खुली नाली और धंसी, मंडरा रहा हादसे का खतरा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 4 शंकरू उड़िया के घर पास में वर्षों पुरानी नाली का स्लैब टूट जाने से क्षेत्र में लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। यह इलाका एसईसीएल कर्मचारियों एवं गैर-कर्मचारियों की रिहायशी कॉलोनी है, जहां नाली टूटकर दिन-प्रतिदिन और गहरी होती जा रही है। इस कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार अब तक कई बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्ग इस खुली नाली में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिका और एसईसीएल प्रबंधन को कई बार लिखित व मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। हालात ऐसे हैं कि न तो एसईसीएल इस ओर ध्यान दे रहा है और न ही नगर पालिका गंभीर नजर आ रही है। नगर के इस रिहायशी क्षेत्र में सड़क किनारे बनी खुली नाली और धंसी हुई सड़क आम नागरिकों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। मौके की तस्वीरों में साफ दिखाई देता है कि सड़क का बड़ा हिस्सा टूट चुका है, नाली पूरी तरह खुली है और उसमें कचरा भरा हुआ है। किसी भी प्रकार की बैरिकेडिंग या चेतावनी संकेतक नहीं लगाए गए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन दर्जनों दुपहिया वाहन, स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग गुजरते हैं। रात के समय या बारिश के दौरान यह गड्ढ़ा दिखाई नहीं देता, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद नगर पालिका द्वारा सिर्फ आश्वासन ही दिए गए, जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं हुआ। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आसपास के घरों तक पहुंचना भी कठिन हो गया है। वहीं खुली नाली में जमा गंदगी से संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि क्या नगर पालिका और संबंधित विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। नागरिकों की मांग है कि तत्काल प्रभाव से नाली को ढकने, सड़क की मरम्मत कराने और सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग व चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। लोगों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं किया गया तो किसी भी बड़ी दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।



## खबर संक्षेप



### एसपी ने छात्र-छात्राओं को दी नए कानूनों की जानकारी

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल के निर्देशानुसार नए कानूनों की प्रदर्शनी स्थानीय कला केंद्र मैदान में लगाई गई है। आज लाइवलीहुड कॉलेज के प्रशिक्षु छात्र -छात्राओं ने प्राचार्य गिरीश गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अकरम खान परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने छात्र - छात्राओं से चर्चा करते हुए नए कानूनों एवं साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही बच्चों को बेहतर कैरियर निर्माण हेतु भी प्रेरित किया। नवा बिहान नशामुक्ति जागरुकता अभियान के संयोजक मंगल पाण्डेय ने कहा कि नए कानूनों के प्रति जागरूक होना हम सभी का नैतिक दायित्व है। इस दौरान मनोज भारती, अमृता जायसवाल, हिना खान, आदित्य गुप्त, संतोष कुमार विश्वकर्मा, उप निरीक्षक यातायात अभय तिवारी, प्रधान आरक्षक दलबीर सिंह, महिला आरक्षक ममता एवं राहुल गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### साइबर अपराधों को लेकर जागरुक रहें लोग

**बैकुण्ठपुर।** साइबर अपराधों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को प्रोत्साहित करने एवं साइबर अपराधों से बचाव व जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला सायबर सेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए आम नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने, सोशल मीडिया के दुरुपयोग एवं डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करें अथवा डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट साइबर क्राइम डॉट गवर्मेंट डॉट इन पोर्टल पर रिपोर्ट करें। उन्होंने युवाओं, छात्रों एवं वरिष्ठ नागरिकों से विशेष रूप से जागरूक रहने का आग्रह किया। उनके द्वारा बताया गया कि पुलिस कभी भी किसी को डिजिटली गिरफ्तार कभी नहीं करती है, डिजिटल अरेस्ट के बहकावे में न आने व तत्काल पुलिस को सूचित करने बताया गया।

## हर रोज गायत्री खदान से पार कर रहे कई टन कोयला

# सूरजपुर-सरगुजा के सीमावर्ती क्षेत्रों में कोयला तस्कर सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/महंगई

इन दिनों गायत्री खदान से कोयला चोरों होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। दिनदहाड़े कोयला चोरी ने प्रबंधन की नाक में दम कर दिया है बल्कि सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती के बावजूद चोरी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सूरजपुर-सरगुजा सीमावर्ती क्षेत्र में कोयला चोरी का पूरा नेटवर्क बेहद संगठित तरीके से काम कर रहा है। खदान के अलग-अलग हिस्सों में मोटरसाइकिल और मिनी वाहनों के जरिए कोयला निकाल आसपास क्षेत्रों में खपा रहे है।

**खास बात**
- सुरक्षा के इंतजाम के बावजूद चोरी का सिलसिला जारी

ठंड बढ़ते ही एक बार फिर गायत्री खदान में कोयला चोर गिरोह न सिर्फ सक्रिय हो गए है बल्कि खदान से कोयला चोरी करने की घटना को अंजाम दे रहे है। कोयला चोर इतने शातिर है कि अब खदान के किनारों पर बने स्थाई रास्तों का उपयोग कर रात के अंधेरे में सक्रिय होकर खदान से कोयला चोरी करते है। सूत्रों के मुताबिक खदान से लगभग प्रतिदिन 50 से 100 टन कोयला पार कर देते है। ऐसे में प्रबंधन द्वारा लगाया गया सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह बेअसर साबित हो रहा है। सालों से गायत्री खदान में इसी तरह कोयला चोरी को अंजाम दिया जा रहा है रोजाना कई टन कोयला बाइकर्स गैंग खुलेआम खदान के भीतर बाइक से लोड कर पार कर दे रहे हैं।


खदान से कोयला चोरी करते ग्रामीण।

**की जाती है कार्रवाई**

सूरजपुर क्षेत्र में जहां-जहां कोयला के अवैध भंडारण एवं तस्करी की सूचना मिलती है वहां दबिश देकर कार्रवाई की जाती है।
-प्रशांत कुमार ठाकुर, एसएसपी सूरजपुर

बाइकर्स गैंग दिन हो या रात खुलेआम खदान के भीतर से बोरी में कोयला भरकर सूरजपुर जिले के सरहदी गांव सरगुजा जिले के लैंगा में कोयले के बड़े तस्करों को किलो के भाव में बेच रहे हैं। जहां से ट्रक, पिकअप, ट्रैक्टर के माध्यम से तस्करी को अंजाम दिया जा रहा हैं।

**बना लिए हैं अस्थाई डिपो**

कोयला तस्करी से जुड़े लोग सीमावर्ती गांव में अस्थाई डिपो बना रखा है जहां किलो के भाव में बाइकर्स गैंग से कोयला खरीदते हैं फिर उसे ट्रक में भरकर संभाग के विभिन्न जगहों पर स्थित चिमनी ईंट भट्ठों में बेचकर मोटी रकम कमा रहे हैं। हाल ही में लैंगा गांव के सरनापारा के एक ग्रामीण के बाड़ी से लगभग 30 टन कोयला उदयपुर पुलिस एवं खनिज विभाग अंबिकापुर द्वारा जब्त किया गया था। हैरानी की बात तो यह है कि कोयला जब्ती के बाद भी इस मामले में एक माह बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस को कार्रवाई के दौरान ग्रामीण से कोयले संबंधित दस्तावेज मांग की गई जिसमें उसने दूसरे जिले का दस्तावेज प्रस्तुत किया जबकि कोयले को सैंपलिंग करा कर स्पष्ट किया जा सकता था। जिस जगह पर कोयले का ढेर पाया गया वहां से गायत्री खदान जंगल के रास्ते महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोयला कहां का है।



## केबिनेट मंत्री के प्रयासों से स्टॉप डैम बनने की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शिवनंदनपुर मंडल अंतर्गत ग्राम कसलगिरी में क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से लगभग 79 लाख रुपये की लागत वाले स्टॉप डैम की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में शुक्रवार को विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य किरण केराम, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े, जनपद सदस्य लीलावती सिंह, ग्राम सरपंच आराधना सिंह, भगवत प्रजापति, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्टॉप डैम के निर्माण से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, किसानों को सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी तथा भू-जल स्तर में वृद्धि होगी।

- किया गया भूमि पूजन

## उचित मूल्य दुकान से राशन की चोरी के मामले में पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम बरौल में एक सप्ताह पूर्व हुए उचित मूल्य दुकान का ताला तोड़कर राशन सामान चोरी होने मामले में पुलिस ने दुकान संचालक प्रार्थी कविंद्र पिता शिवनारायण की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 305, 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है,घटना 6 दिसंबर के मध्यरात्रि की बताई गई है,चोरों ने दुकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर दुकान के भीतर रखे 6 बोरी चावल,2 बोरी चीनी को चुराकर अपने साथ ले गए,चोरी किये गए राशन की कीमत करीब बीस हजार रुपये बताई गई है।

## विद्युत कंपनी के चेयरमैन के साथ हुई बिजली कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के पदाधिकारियों की विद्युत कंपनी के चेयरमैन के साथ बैठक हुई। बैठक में विद्युतकर्मियों व पेंशनरों को बिजली बिल की छूट को पुनः प्रारंभ करने सहित पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल ने कर्मचारी-अधिकारियों के आवासीय परिसर में सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापना की अनिवार्यता के व्यवहारिक दिक्कतों की चर्चा की तथा विद्युत देयक में दी जा रही छूट को बंद किए जाने को अंतरण योजना का उल्लंघन बताया। उन्होंने बिजली कर्मचारियों को मिलने वाली छूट पूर्ववत रखने की मांग की। चेयरमैन ने सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद शीघ्र निर्देश का आश्वासन दिया।

इस संबंध में महासंघ की मांग पर विद्युत कर्मचारियों द्वारा स्वयं का मकान नहीं होने पर शपथ पत्र देकर अनिवार्यता से छूट मिलने तथा बिना ब्याज संपूर्ण लोन देकर सोलर पैनल लगाने की सहमति व्यक्त की गई। बैठक में 2004 के बाद नियुक्ति कर्मचारियों को पुरानी पेंशन के बहाली के संबंध में प्रक्रिया अंतिम चरण में होने तथा मुख्यमंत्री से चर्चा होने के बाद इस पर अंतिम निर्णय लेने वहीं संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि के संबंध में निर्णय लेने तथा बीओडी की बैठक में अनुमोदन उपरांत आदेश जारी करने की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्युत मजदूर महासंघ के उपमहामंत्री हरीश चौहान, महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रांतीय महामंत्री नवरतन बरेठ, कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिन्हा, कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन, प्रांतीय संगठन मंत्री केएन यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

- चेयरमैन ने वेतन वृद्धि व पुरानी पेंशन बहाली को शीघ्र लागू करने का दिया आश्वासन

## संघर्ष में घायल ग्रामीणों के उपचार हेतु लगाया गया कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अमेरा खुली खदान विस्तार को लेकर विरोध के दौरान घायल हुए ग्रामीणों के उपचार हेतु ग्राम परसोडीकला में संजीवनी अस्पताल के 7 सदस्यीय चिकित्सा दल ने कैम्प लगया। इस दौरान संघर्ष में आहत 5 ग्रामीणों को फ्रैक्चर की संभावना देखते हुए उन्हें एक्स रे की सलाह देते हुए अस्पताल बुलाया गया है।

- परसोडीकला में विरोध के दौरान कई ग्रामीणों को आई थी चोटें

शुक्रवार को आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने परसोडीकलाका दौरा किया था। इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा में यह जानकारी मिली थी कि संघर्ष के बाद प्रशासन ने उन्हें पर्याप्त इलाज उपलब्ध नहीं कराया था। संघर्ष में कुछ ग्रामीणों के सर पर चोट लगी थी जिन्हें प्राथमिक इलाज के पश्चात अपने हाल पर छोड़ दिया। शेष आहत ग्रामीणों को कोई इलाज मुहैया नहीं कराया गया था। इसपर श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने संजीवनी अस्पताल के संचालक और पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की से मेडिकल सहायता का अनुरोध किया था। डॉ. अजय तिर्की ने जानकारी दी कि कुल 43 ग्रामीणों का इलाज किया गया है। कुछ में फ्रैक्चर की संभावना देखते हुए उन्हें अस्पताल बुलाया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि जिन ग्रामीणों के सर पर चोट आयी थी उन्हें छोड़ अन्य किसी भी व्यक्ति को प्रारंभिक चिकित्सा उपलब्ध नहीं कराई गई। कई ग्रामीण व्यक्तिगत प्रयास से स्थानीय रूप से इलाज करवा रहे थे। संजीवनी अस्पताल के द्वारा भेजे गए मेडिकल टीम में आपातकालीन चिकित्सक डॉ. ऋषभ, डॉ. इकबाल, ड्रेसर अनिल कश्यप, नर्स सिस्टर निशा एवं मोनिका एवं अन्य मेडिकल स्टॉफ लक्ष्मी एवं लालजी शामिल थे।



**राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर सामूहिक पहल जरूरी : आदित्येश्वर**

शुक्रवार को परसोडीकला के ग्रामीणों से मुलाकात के बाद आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि संघर्ष की घटना असंवेदनशील थी। प्रशासन को इससे बचना चाहिए था। उन्हें उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए ग्रामीणों का सहयोग लेना था। उन्होंने इस बात पर दुःख व्यक्त किया कि घटना में दोनों पक्षों को चोट आयी। ग्रामीणों के अपर्याप्त इलाज पर उन्होंने चिंता जताते हुए उन्हें इलाज का आश्वासन दिया था। उनकी पहल पर आज ग्रामीणों को इलाज मुहैया हुआ। उन्होंने परसोडीकला के ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि उन्हें कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के लिए माइनिंग जरूरी है, लेकिन रामगढ़, परसोडीकला, मैनपाट में हो रहे खनन से सरगुजा की संस्कृति, सभ्यता और पर्यावरण को गंभीर खतरा है। यह बात दलीय विचारधारा से ऊपर की है। उन्होंने सरगुजा को बचाने की पहल के लिए सभी दलों को साथ आकर प्रयास करने का आह्वान किया था।

## महामना मालवीय मिशन के नवीन भवन का शुभारंभ

**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन के नवनिर्मित भवन का विधि-विधान पूर्वक शुभारंभ किया गया। आचार्य पं.राम नारायण शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना और गृह प्रवेश कराया। इस दौरान आचार्य श्री शर्मा ने सत्य, धर्म, कर्तव्य और मानव-सेवा के महत्व को बताया। वरिष्ठ सदस्य हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि मालवीय जी का आदर्श हर काल में प्रासंगिक है। समाज का भवन बनने का सपना आज पूरा हुआ। डॉ.डीएन द्विवेदी ने कहा कि अध्यात्म और समाजसेवा एक साथ मिलकर जनकल्याण की कामना करता है तो समाज में पवित्रता आती है। सुरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मालवीय जी के जीवन दर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है। इस दौरान डॉ.बीके सिंहललित मोहन तिवारी, सच्चिदानंद पाण्डेय, जनार्दन दुबे, रणविजय सिंह तोमर, प्रकाश कश्यप, राज नारायण द्विवेदी, अशोक कुमार सोनकर, तनय उपाध्याय, जगदीश गुप्ता आदि उपस्थित थे।





## जनजाति गौरव समाज की प्रांतीय बैठक में महापुरूषों के योगदान पर हुई चर्चा

**अम्बिकापुर।** जनजाति गौरव समाज की प्रांतीय बैठक अम्बिकापुर में संरक्षक प्रेम शंकर सिदार के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश अध्यक्ष एम.डी.ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संरक्षक श्री सिदार ने संगठन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने देश के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारी महापुरूषों एवं तिलका मांझी, टांटेया भील, शंकर शाह, सिद्धू-कान्हू-चांद-भैरव, वीर बुधू भगत के लरका आंदोलन एवं कोल विद्रोह जैसी घटनाओं का उल्लेख किया तथा जनजाति समाज के आध्यात्मिक विरासत पर विचार साझा किया। आगामी कार्य योजना में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वालंबन, व्यसनमुक्ति और श्रद्धाजागरण की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। प्रदेश अध्यक्ष एमडी ठाकुर ने संभाग, जिला और ब्लॉक में एक मजबूत संगठन बनाने का आह्वान किया तथा पुनर्गठन की दृष्टि से संभागीय अध्यक्ष परमेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, सचिव सहदेव भगत के नाम की घोषणा की। प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह पैकरा ने जनजाति गौरव समाज की स्थापना के उद्देश्य व भूमिका पर अपना विचार व्यक्त किया। युवा प्रभाग के प्रदेश अध्यक्ष इंदर भगत ने देव दर्शन, वन संचार की सूचना विषय पर अपना विचार रखा। प्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल ने बैठक को संबोधित किया तथा समाज को 2.5 लाख की सहयोग राशि प्रदान की। इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष बंशीधर उरांव, संभागीय उपाध्यक्ष उमाशंकर भगत, तेजबल नाग, शिवनारायण सिंह, जिलाध्यक्ष बिहारी उरांव, रघुवीर भगत, दिनेश सिंह, संतोष सिंह, रामप्रताप मरावी, उपेंद्र उरकेरा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

**सरगुजा मार्केट**

**गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज**
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 19 दिसम्बर 2025 दिन -शुक्रवार
सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
दिनांक 21 दिसम्बर 2025 दिन - रविवार
लकवा, मिर्गी, झटका सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन रीढ़ की हड्डी की चोट सिर की चोट हाथ-पैर में झुनझुनी
दूरबीन से स्पाईन, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500, +91 72408 02000
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
- पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
- गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
- प्रोस्टेट बढ़ जाना।
- पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
- किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - एम.डी.जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले - MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा - एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता - श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता - किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी - मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 13 दिसंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक -20 दिसम्बर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 14 दिसम्बर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL
CGHS से मान्यता प्राप्त
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. निहार गुप्ता MBBS, MD, FICH (Hematologist)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल MBBS, MD Medicine (Delhi) BHU Varanshi DM (Gastro)
दिनांक - 14 दिसंबर 2025 दिन - रविवार

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल , रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 21 दिसम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट - डॉक्टर माह के तीसरे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

(हृदय रोग विशेषज्ञ)
डॉ.अभिषेक कौशले
एम.बी.बी.एस. (सिम्स), एम.डी. (मेडिसिन) एम.जी.एम.एम.सी. इंदौर, डी.एन.बी. (मेडिसिन), एन.बी.ई.न्यू दिल्ली एंड डी.एम. (हृदय रोग) गोल्ड मेडल (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय)
दिनांक - 21 दिसम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11 से 2.30 बजे तक
हृदय संबंधित रोग के लक्षण
- सीने में दर्द एवं जकड़न - सांस लेने में तकलीफ - चलने में थकान लगना
- चक्कर व बेहोशी - पैरों में सूजन - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर, सीआरटी
यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु संपर्क करें।
07774-319760, 8602490055, 7777879370

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 21 दिसम्बर, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण के खेत में लगे सोलर पैनल का स्टार्टर ले गए चोर

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम खोपा में कपिल राजवाड़े के खेत में लगे सोलर मोटर पंप का अज्ञात चोरों ने करीब तीन सप्ताह पूर्व स्टार्टर खोल कर पार कर दिया है। प्रार्थी ग्रामीण कपिल राजवाड़े की रिपोर्ट पर करंजी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है,घटना बीस दिनों पूर्व की बताई गई है।

### गिरने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम बेलडीह निवासी अजय मिंज आ. सिलमेरियुस मिंज (45 वर्ष) शराब पीने का आदि था। शुक्रवार को नशे में धुत्त होकर कुर्सी में बैठा था तभी गिर गया जिससे घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** पटना थाना अंतर्गत निवासी 28 वर्षीय युवती ने रामानुजनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 2018 से अंबिकापुर नमना कला खटीक पारा में किराए के मकान में रहती हूं। इसी बीच 2023 में रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम मांजा निवासी लवकेश साहू आ. श्यामलाल साहू से उस सयम परिचय हुआ जब उसके दुकान में फोटो कॉपी कराने गई। जिसके बाद लवकेश मोबाइल नंबर लेकर अक्सर बात करने लगा। साल 2023 में ही लवकेश उसके किराए के मकान में आया और शादी करने की बात करते हुए जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। यह सिलसिला अक्टूबर 2025 तक चलता रहा। जब लवकेश से शादी करने की बात कही तो वह टाल मटोल करने लगा। जब शादी कर लेने की बात कही तो शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 69 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 26 हाथियों के दल का दंतैल हुआ आक्रामक

# अलग-अलग जंगलों में भ्रमण कर रहे हाथी सुरक्षा के लिए बने चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले एक सप्ताह से वन परिक्षेत्र प्रतापपुर में भ्रमण कर रहा 26 हाथियों का दल विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। दल का एक हाथी शाम ढलते ही आबादी क्षेत्र में पहुंचकर तोड़फोड़ मचाना शुरू कर दे रहा है। क्षेत्र के अलग-अलग जंगलों में घूम रहे लोनर हाथी भी क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं।

**खास बात**

- अकेले पहुंच जा रहा बस्ती में, आधा दर्जन से अधिक घरों को बनाया खण्डहर

26 हाथियों का दल एक महीने बाद सीतापुर, लुण्ड्रा एवं राजपुर जंगल के रास्ते वापस प्रतापपुर पहुंच गया है तथा पिछले 10 दिनों से विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। कुछ दिन सोनगरा एवं आसपास के जंगलों में भ्रमण करने के बाद हाथी पिछले पांच दिनों से वंशीपुर जंगल में है। तबाही की दृष्टि वन विभाग इस दल को बेहद शांत मानता है। वन अधिकारियों का कहना है कि शाम ढलने के बाद हाथी भोजन की तलाश में जंगल के बाहर निकलते हैं तथा पेट भरने के बाद भोर में वापस जंगल लौट जाते हैं लेकिन जशपुर से लौटने के बाद दल का एक युवा दंतैल वनकर्मियों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। दंतैल शाम ढलते ही दल से अलग हो जाता है जंगल से सटे बस्ती में पहुंचकर तोड़फोड़ मचाने लगता है। ग्रामीणों द्वारा खदेड़ने के बाद दंतैल पास की दूसरी बस्ती में पहुंच जाता है तथा वन अमला के पहुंचते तक घरों को खण्डहर बना देता है। दल के साथ रहने पर दंतैल शांत रहता है। रविवार को शाम 5 बजते ही दंतैल वंशीपुर बस्ती में घुस गया। दंतैल के बस्ती में पहुंचने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। दंतैल को खदेड़ने वनकर्मी गजराज वाहन का सायरन बजाते रहे लेकिन दंतैल पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। ग्रामीणों द्वारा तेज धमाके वाले पटाखे फोड़ने के बावजूद दंतैल बस्ती की गलियों में घूमता रहा। इस दौरान दंतैल ने गजराज वाहन पर भी हमला करने की कोशिश की। दंतैल को खदेड़ने के लिए वनकर्मी देर तक मशक्कत करते रहे।


फाइल फोटो

### ढहा चुका है आधा दर्जन से अधिक घर

दंतैल अब तक विभिन्न क्षेत्रों में आधा दर्जन से अधिक धरों को ढहा चुका है। दो दिन पूर्व दंतैल ने ग्राम दुर्ती पण्डोपारा में 3 घरों को ढहा दिया था। गनीमत थी कि घर के सदस्य दंतैल के पहुंचते ही सुरक्षित स्थानों पर चले गए थे। ग्राम बगड़ा अंतर्गत घोधरी एवं ग्राम दुर्ती गोतवारी पारा में भी दंतैल ने भारी तबाही मचाई है। वंशीपुर जंगल के बीच महान नदी होने के कारण आसपास के क्षेत्रों में गन्ना की पर्याप्त खेती होती है जिस कारण हाथी अधिक समय तक जंगल में मौजूद रहते है। वर्तमान में कड़ाके की ठंड पड़ने एवं रात में घना कोहरा छाने के कारण हाथियों की निगरानी में वन अमले को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### लोनर हाथी भी कर रहे तोड़फोड़

लंबे समय से घुई जंगल में तबाही मचा रहे तीन लोनर हाथियों में से दो दंतैल प्रतापपुर जंगल में पहुंच गए हैं। दो दिन पूर्व एक साथ घूम रहे दो दंतैल जजवल के रास्ते तमोर पिंगला अभ्यारण्य की ओर चले गए थे। दंतैल सेंचुरी अंतर्गत ग्राम दुर्गा ई में दो घरों में तोड़फोड़ की। दोनों हाथी शनिवार को प्रतापपुर जंगल में पहुंच गए। एक दंतैल भरदा, चांची एवं बगड़ा में जबकि दूसरा दरहोरा जंगल में भ्रमण कर रहा है। लोनर हाथी भी बस्ती में पहुंचकर घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। अकेले घूम रहे हाथी कभी भी बस्ती में पहुंच जाते हैं जिससे सुरक्षा का खतरा बढ़ गया है। वर्तमान में भूख मिटाने के लिए खेतों में कोई फसल उपलब्ध नहीं है जिसके कारण हाथी आबादी क्षेत्रों का रूख कर रहे हैं।

### की जा रही निगरानी

विभाग की अलग-अलग टीमों द्वारा लगातार हाथियों की निगरानी की जा रही है। हाथियों की क्षति का आंकलन किया जा रहा है। रात में विपरीत मौसम होने के कारण विविध समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है।

**-संस्कृति बरले**, उप वन मण्डलाधिकारी, प्रतापपुर

## पूर्व डिप्टी सीएम के नेतृत्व में रैली में शामिल हुए सरगुजा के युवा



**अंबिकापुर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में सरगुजा संभाग से करीब 500 युवाओं ने दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली में अपनी सहभागिता दी। 14 दिसंबर को रामलीला मैदान में कांग्रेस के द्वारा आखिल भारतीय स्तर की इस रैली का आयोजन किया गया था। इस सफल रैली में शामिल होने के लिए 12 दिसंबर से ही सरगुजा से कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता ट्रेन, बस एवं अन्य माध्यमों से दिल्ली रवाना हो गए थे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने सरगुजा संभाग के युवाओं के रैली में शामिल होने के लिए यात्रा और ठहराव की व्यवस्था की थी। युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकल झा और एनएसयूआई अध्यक्ष आशीष जायसवाल को व्यवस्था की जवाबदेही दी गई थी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## जिले में शीतलहर को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में बढ़ती ठंड और संभावित शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल देव पैकरा ने लोगों से सतर्क रहने की बात कही है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में तापमान में गिरावट, शीतलहर एवं शीत दिवस की स्थिति बनने की संभावना जताई गई है।

सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा ने बताया कि शीतलहर का प्रभाव विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों पर अधिक पड़ता है। साथ ही हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह, अस्थमा एवं अन्य दीर्घकालिक रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शीतलहर के दौरान शरीर का तापमान अचानक गिर सकता है, जिससे हाइपोथर्मिया, हाथ-पैरों में सुन्नपन, श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि तथा हृदय रोगियों में जटिलताएँ बढ़ने की आशंका रहती है। बच्चों में सर्दी-जुकाम व निमोनिया का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने शीतलहर को विशेष ध्यान में रखते हुए नागरिकों को परतदार गर्म कपड़े पहनने, ऊनी टोपी, मफलर, दस्ताने व मोजे का उपयोग करने की सलाह दी है। सुबह एवं शाम के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, गर्म भोजन व पेय पदार्थों का सेवन करने तथा ठंड में भी पर्याप्त पानी पीने तथा धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी गई है। घर के अंदर हीटर का उपयोग सावधानीपूर्वक करने तथा बंद कमरों में अंगीठी या कोयला नहीं जलाने की सलाह दी गई है, क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से दम घुटने का खतरा रहता है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों को अतिरिक्त गर्माहट देने की आवश्यकता बताई गई है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में शीतलहर से संबंधित उपचार एवं दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है।

